संख्या–90/44/XXVI-A-1/2024

प्रेषक,

दीपक कुमार,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

समस्त कुलपति/विभागाध्यक्ष/महानिदेशक/निदेशक/प्रबंध निदेशक/अध्यक्ष/कुलसचिव/सदस्य सचिव/बोर्ड/निगम/प्राधिकरण/विश्वविद्यालय/कॉलेज/संस्थान/अकादमी/केन्द्र/आयोग/ शिक्षण संस्थान/परिषद/एजेंसी, केन्द्र, उत्तराखण्ड राज्य में स्थापित भारत सरकार के समस्त कार्यालय ।

**कार्यक्रम क्रियान्वयन अनुभाग** देहरादून, दिनांकः 06 मार्च, 2025

**विषयः– कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा तैयार की गयी "मेरी योजना" पुस्तकों के संबंध में जागरूकता विषयक।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र सं0 48/XXVI-A-1/2024 दिनांक 10.02.2025 तथा पत्र सं0 83/XXVI-A-1/2024 दिनांक 10.02.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा तैयार की गयी "मेरी योजना–राज्य सरकार" एवं "मेरी योजना–केन्द्र सरकार" पुस्तकों की पीडीएफ प्रति को अपने–अपने विभागों/संस्थाओं आदि की वैबसाइट में अपलोड कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

2. उल्लेखनीय है कि राज्य के समस्त विभागों एवं केन्द्र के उत्तराखण्ड में स्थापित प्रतिष्ठित संस्थाओं की समस्त योजनाओं/सेवाओं को संकलित कर विभाग द्वारा गत वर्ष 2023 में **"मेरी योजना"** गत वर्ष 2024 में **"मेरी योजना– राज्य सरकार"** तथा वर्ष 2025 में **"मेरी योजना–केन्द्र सरकार"** 03 पुस्तकें तैयार की हैं, जिनकी पीडीएफ प्रति आमजन हेतु निःशुल्क उत्तराखण्ड सरकार के पोर्टल https://uk.gov.in/pages/meri-yojna-book के लिंक में उपलब्ध हैं। संबंधित पुस्तकों को सभी विभागों तथा विभागों के अधीन समस्त कार्यालयों की वैबसाइट/पोर्टल के प्रथम पृष्ठ तथा ई–लाइब्रेरी पर अपलोड किये जाने के निर्देश मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गये हैं।

अतः उक्त संबंध में मुझे पुनः यह अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि यदि आपके विभाग/कार्यालय/संस्थान द्वारा अद्यतन तीनों पुस्तकों को अपने विभागों/संस्थाओं की वैबसाइट में अपलोड नहीं किया है, तो कृपया उक्त लिंक से तीनों पुस्तकें डाउनलोड कर, अपने विभागों/संस्थाओं की वैबसाइट में अपलोड करने का कष्ट करें। साथ ही अपने विद्यार्थियों/शोधार्थियों एवं कार्यालयों में संबंधित पुस्तकों के संबंध में गोष्ठी/सेमिनार/चर्चा–परिचर्चा कर, जागरूकता फैलाने का कष्ट करें। ताकि केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं केन्द्र के प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा संचालित समस्त योजनाओं/सेवाओं की जानकारी, समस्त नागरिकों को प्राप्त हो सके एवं पात्र लाभार्थी योजनाओं/सेवाओं का आसानी से लाभ प्राप्त कर सके।

भवदीय,

Signed by
Deepak Kumar
Date: 06-03-2025 18:38:02

(दीपक कुमार)
सचिव ।